हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 51 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 29 अप्रैल से 05 मई 2022

## महाराष्ट्र पुलिस ने पकड़ा हथियारों का जखीरा

### स्कॉर्पियो में झांककर देखा तो उड़ गए होश




**मुंबईः** महाराष्ट्र पुलिस को धुले में एक स्कॉर्पियो से 90 धारदार हथियार बरामद हुए हैं इनमें 89 तलवार और एक खंजर है। मुंबई-आगरा हाईवे पर एक स्कॉर्पियो को पुलिस ने रोका और जब अंदर झांककर देखा तो उसके होश उड़ गए। गौरतलब है कि धुले पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजस्थान से भारी मात्रा में हथियार महाराष्ट्र आ रहे हैं। सूचना मिलते ही धुले पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली और चार आरोपियों को हथियारों के साथ पकड़ लिया। धुले पुलिस ने इसे मुंबई-आगरा हाईवे पर सोनगीर गांव के पास से बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जालना की ओर जा रही स्कॉर्पियो कार से पुलिस ने 89 तलवारें और 1 खंजर बरामद किया है।

## सर्वदलीय बैठक के बाद आदित्य ठाकरे का बयान- केंद्र निकालेगा समाधान



**मुंबई।** महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर को लेकर चल रहे विवाद के बीच सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक में भाजपा को छोड़कर सभी दलों ने भाग लिया। बैठक के बाद आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सिर्फ मंदिर- मस्जिद का मामला नहीं, बल्कि लाउडस्पीकर का विषय है। 2015 और 2017 के बीच, राज्य सरकार के प्रयासों से, अदालत ने सभी उद्योगों और अन्य क्षेत्रों के लिए डेसीबल तय किया है। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल केंद्र सरकार से मिलकर मुद्दे के समाधान पर चर्चा करेगा। आदित्य ठाकरे ने कहा कि हम किसी एक पक्ष के लिए नियम नहीं बना सकते। हम इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से चर्चा करेंगे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। उन्होंने राज ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि कोई पार्टी इसे जीवित रहने का मुद्दा बना रही है। आपको बता दें कि राज ठाकरे ने आज की बैठक में भी हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। मनसे नेता संदीप देशपांडे से मिली ताजा जानकारी के अनुसार, राज ठाकरे ने इस बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया था।। गौरतलब है कि राज ठाकरे ने महाराष्ट्र की सभी मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए 3 मई तक का समय दिया है।यदि समय रहते लाउडस्पीकर नहीं हटाये गए तो वे मस्जिदों के बाहर लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। ऐसे में इस बैठक के हंगामेदार होने की पूरी आशंका है। बता दें कि भाजपा विधायक हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले राणा दंपती का मुद्दा भी उठाएंगे। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत कौर राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा के बाद जेल में डाल दिया गया था। यह बात उद्धव ठाकरे को पसंद नहीं आई। पहले तो शिवसैनिकों ने हंगामा किया, धमकाया, फिर पुलिस ने गिरफ्तार कर देशद्रोह की धारा लगा दी। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है और जमानत याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।






# शरद पवार ने महाराष्ट्र भाजपा पर कसा तंज

## कहा- कोल्हापुर उपचुनाव हारने के बाद कुछ लोग चिंतित हैं

**पुणे**। महाराष्ट्र में चल रहे लाउडस्पीकर विवाद के बीच सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने बीजेपी पर तंज कसा है। तंज कसते हुए शरद पवार ने कहा कि कुछ लोग सत्ता खोने के बाद चिंतित दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, मामला यह है कि महाराष्ट्र में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल और हनुमान चालीसा के पाठ को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस विवाद के बीच राज्य के बीजेपी नेताओं ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

इसी संदर्भ में शरद पवार ने मीडियाकर्मियों से कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने की धमकी हमेशा दी जाती है, लेकिन इसका कोई परिणाम नहीं होता है। अगर इस वक्त महाराष्ट्र में चुनाव कराया जाता है तो परिणाम कुछ वैसे ही आएंगे जैसे हाल ही में कोल्हापुर उपचुनाव में देखा गया। शरद पवार का इशारा साफ था कि अगर इस वक्त महाराष्ट्र में चुनाव हुए तो बीजेपी हार जाएगी।

# देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे सरकार को दी चुनौती

## कहा- मुझ पर राजद्रोह का मामला दर्ज कर दिखाओ



**मुंबई**। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र की महाविकास आघाड़ी सरकार को चुनौती दी है कि यदि अमरावती की सांसद नवनीत राणा एवं उनके विधायक पति रवि राणा पर हनुमान चालीसा पढ़ने के कारण राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है, तो हम पूरे विपक्ष के साथ हनुमान चालीसा पढ़ेंगे। हम पर राजद्रोह का मामला दर्ज करके दिखाओ। देवेंद्र फडणवीस ने आज एक प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए सरकार को यह चुनौती दी।एक दिन पहले हनुमान चालीसा विवाद के कारण गिरफ्तार की गईं अमरावती की सांसद नवनीत राणा एवं उनके विधायक पति रवि राणा के मसले पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष फडणवीस ने कहा कि हनुमान चालीसा महाराष्ट्र में नहीं पढ़ी जाएगी, तो क्या पाकिस्तान में पढ़ी जाएगी ? इनका हनुमान चालीसा से इतनी नफरत क्यों है ? उन्होंने उद्धव सरकार को चुनौती दी कि हम सब एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। सरकार में हिम्मत है, तो हम पर राजद्रोह का मामला दर्ज करके दिखाए। राकांपा की एक नेता फहमीदा हसन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के सामने हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा और नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी है।

# महाराष्ट्र सरकार ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने का मुद्दा केंद्र पर छोड़ा



मुंबई। धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने का मुद्दा भले ही महाराष्ट्र से शुरू हुआ हो, लेकिन राज्य सरकार ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करने का काम केंद्र सरकार पर छोड़ दिया है। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने घोषणा की थी कि यदि मस्जिदों से तीन मई तक लाउडस्पीकर नहीं हटाए गए तो उनकी पार्टी मस्जिदों के सामने ही लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा का पाठ करेगी। राज ठाकरे अब भी अपनी इस घोषणा पर कायम हैं। दूसरी ओर लाउडस्पीकर और हनुमान चालीसा का मुद्दा महाराष्ट्र से लेकर देशभर में विवाद का कारण बनता दिख रहा है। खासतौर से महाराष्ट्र में, इसे देखते हुए राज्य के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने सोमवार को लाउडस्पीकर के मुद्दे पर विचार-विमर्श के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। जिसमें न तो मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शामिल हुए और न ही मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे। भाजपा ने भी इस बैठक का बहिष्कार किया।




# सांसद से दुर्व्यवहार के आरोप पर मुंबई पुलिस कमिश्नर ने जारी किया वीडियो



**मुंबई।** हनुमान चालीसा विवाद में न्यायिक हिरासत में चल रहीं अमरावती की सांसद नवनीत कौर के आरोप पर मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने वीडियो जारी कर इस बात का खंडन किया है कि सांसद के साथ मुंबई पुलिस की हिरासत में किसी प्रकार का अनुचित व्यवहार किया गया। उसके कुछ घंटों बाद मंगलवार को सांसद ने अपने वकील के माध्यम से एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए दावा किया कि शनिवार को गिरफ्तारी के बाद सांताक्रूज पुलिस स्टेशन के लाकअप में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया था, न कि खार पुलिस स्टेशन में नवनीत कौर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि शनिवार को पुलिस हिरासत में रहने के दौरान उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, और उनकी जाति का उल्लेख करते हुए उन्हें गिलास में पानी नहीं दिया गया। उनके इस आरोप पर केंद्रीय गृहमंत्रालय ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। लेकिन आज मुंबई के पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने अपने ट्वीटर पर एक वीडियो जारी कर उसके ऊपर लिखा है कि क्या अब भी कुछ कहने की जरूरत है।

## नवनीत राणा ने दिया जवाब

अदालतों में नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता रिजवान मर्चेंट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जो ट्वीट पुलिस आयुक्त संजय पांडे के माध्यम से नवनीत राणा द्वारा की गई शिकायत के बारे में सोशल मीडिया पर चल रहा है, पुलिस हिरासत में रहने के दौरान पानी, शौचालय आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराये जाने की शिकायतों को लेकर है।

मर्चेंट ने दावा किया कि मैं केवल यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि संजय पांडे सर का ट्वीट मेरे मुवक्किल द्वारा खार पुलिस स्टेशन में गिरफ्तार होने के बाद बिताए गए समय के बारे में है। अधिकारियों ने चाय की पेशकश की, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन वे (राणा दंपत्ति) दोपहर एक बजे तक खार थाने में थे। लगभग एक बजे के बाद उन्हें (राणा दंपत्ति को) सांताक्रूज पुलिस स्टेशन के लाकअप में लाया गया था, जहां उन्हें रात भर के लिए हिरासत में रखा गया था, जब तक कि उन्हें अदालत के सामने पेश नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि नवनीत राणा के साथ बदसलूकी की शिकायत खार थाने में नजरबंदी से संबंधित नहीं है बल्कि सांताक्रूज थाने में नजरबंदी से संबंधित है।

# शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा लोगों को गुमराह कर रहे हैं देवेंद्र फडणवीस



मुंबईः हनुमान चालीसा विवाद को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत का कहना है कि देवेंद्र फडणवीस लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हनुमान चालीसा का जाप करने पर किसी को सजा नहीं होती है। अगर कोई इसका जाप करना चाहता है तो वह अपने घरों या मंदिरों में कर सकता है। किसी और के घर में घुसने और हनुमान चालीसा का जाप करने के लिए शांति भंग करने की कोशिश करना गलत है।गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी सरकार को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर अमरावती के सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा पर हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है, तो हम पूरे विपक्ष के साथ खड़े होकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। राजद्रोह का केस दर्ज कर दिखाओ। देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए सरकार को यह चुनौती दी।हनुमान चालीसा विवाद में गिरफ्तार अमरावती सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के मुद्दे पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा नहीं पढ़ी जाएगी तो क्या पाकिस्तान में पढ़ी जाएगी। ये लोग हनुमान चालीसा से इतनी नफरत क्यों करते हैं? उन्होंने उद्धव सरकार को चुनौती दी कि हम सब मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। सरकार में हिम्मत है तो राजद्रोह का केस दर्ज कर दिखाओ। एनसीपी नेता फहमीदा हसन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा और नमाज अदा करने की अनुमति मांगी है। इसे लेकर पूछे गए सवाल पर फडणवीस ने कहा कि एनसीपी का कोई भी कार्यकर्ता उनके घर के सामने

# राज ठाकरे बोले- हमारे पास योगी नहीं भोगी है, मनसे प्रमुख ने की उप्र के सीएम की तारीफ- उद्धव पर तंज

**मुंबईः** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरेने उत्तर प्रदेश में मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के आदेश के लिए राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। राज ठाकरे ने ट्वीट कर मराठी और अंग्रेजी में लिखा, ह्यधार्मिक स्थलों खासकर मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने को लेकर मैं योगी सरकार को तहे दिल से बधाई देता हूं। दुर्भाग्य से महाराष्ट्र में कोई योगी नहीं है। राज ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा उन्हें भोगी बता डाला है। उत्तर प्रदेश के कई धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकरों को या तो हटा दिया गया है या उनकी आवाज कम कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा था कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर सामान्य मानक के अनुसार ही बजाए जाने चाहिए और उनकी आवाज धार्मिक परिसर के अंदर ही रखी जानी चाहिए। इस बीच सरकार ने लाउडस्पीकरों को जोर से बजाने वालों की रिपोर्ट भी मांगी है। इस विवाद की मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने ही की थी। राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए कहा था। महाराष्ट्र से बढ़ते हुए ये विवाद उत्तर प्रदेश तक पहुंच गया।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## अवैध बस्तियां

सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में तेजी से बढ़तीं अवैध बस्तियों को लेकर जो चिंता जताई, उससे असहमत नहीं हुआ जा सकता। उसने इन अवैध बसाहटों की रोकथाम के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने की जरूरत भी जताई। निःसंदेह इसकी जरूरत है, लेकिन खुद उसके लिए भी यह आवश्यक है कि वह इस मामले में कोई संतुलित और कारगर रवैया अपनाए, क्योंकि गत दिवस ही उसकी एक अन्य पीठ ने दिल्ली में सरोजनी नगर इलाके में करीब दो सौ झुग्गियों को हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई पर रोक लगा दी। इसके पहले उसने राजधानी के ही एक अन्य इलाके जहांगीरपुरी में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। पता नहीं, इन सब मामलों में सुप्रीम कोर्ट का अंतिम निर्णय क्या होगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में अवैध बस्तियां बढ़ती जा रही हैं। निःसंदेह इसके लिए राज्य सरकारें और उनके स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। वे पहले सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण होने देते हैं, फिर जब-तब उन्हें हटाने का काम भी करते हैं। ऐसी कार्रवाई कभी सही ढंग से नहीं होती, तो कभी वह अदालती हस्तक्षेप का शिकार हो जाती है। यह भी देखने में आता है कि रह-रहकर अवैध बस्तियों को नियमित होने का काम भी होता रहता है। कई बार ऐसा इसलिए करना पड़ता है, क्योंकि ऐसी बस्तियों में बड़ी संख्या में लोग बस जाते हैं और फिर उन्हें वोट बैंक के रूप में देखा जाने लगता है। वास्तव में उन कारणों की तह तक जाकर उनका सही-सटीक निवारण करने की जरूरत है, जिनके चलते सभी बड़े शहरों में अवैध बस्तियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसा करके ही भविष्य में अवैध बस्तियों के निर्माण को रोका जा सकता है।अवैध बस्तियां बसने का एक कारण तो यह है कि बड़े शहरों के विस्तार के क्रम में यह नहीं देखा जाता कि शहरों को संचालित करने वाले मजदूर और कामगार रहेंगे कहां? दूसरा कारण यह है कि स्थानीय निकायों के भ्रष्ट कर्मी अवैध निर्माण होने देते हैं। अब तो बड़े शहरों में झुग्गी माफिया भी पनप गए हैं, जो भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की शह से अतिक्रमण कराते हैं। झुग्गी बस्तियां शहरी विकास को बदसूरत करने के साथ अन्य कई गंभीर समस्याएं भी पैदा कर रही हैं।

# ट्विटर पर बदलाव की चहचहाहट



माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने खरीद लिया है। ऐसा लगता है कि अरबपतियों का मीडिया कंपनियों को खरीदने और संचालित करने का यह दौर है। कुछ वर्ष पहले वाशिंगटन पोस्ट को अमेजॉन डॉट कॉम के जरिये अरबपति बनने वाले जेफ बेजोस ने खरीद लिया था। अलीबाबा के संस्थापक जैक मा भी साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मालिक हैं। मशहूर टाइम मैगजीन सेल्सफोर्स के सह-संस्थापक मार्क बेनीऑफ के हवाले है। एलन मस्क ट्विटर इंक को खरीदकर अब इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते दिख रहे हैं।दरअसल, कोई भी कंपनी जब शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो जाती है, तब एक तरह से अपने संस्थापक के हाथों से निकल जाती है। जिस जैक डॉरसी के सिर ट्विटर को शुरू करने का सेहरा बंधा है, वह खुद आज इस कंपनी से बाहर हैं। कारोबार के लिहाज से भी पिछले कुछ वर्षों में ट्विटर इंक काफी बदल चुकी है। बोर्ड भी निवेशकों के हितों को तरजीह देता है। इसलिए किसी बड़े निवेशक के प्रस्ताव को वह नकार नहीं पाता और आमतौर पर कंपनी बेच दी जाती है। ट्विटर के साथ काफी हद तक यही हुआ है। अब जब ट्विटर को नया मालिक मिल चुका है, तब कयास यही लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में इसमें ढेर सारे बदलाव होंगे। इसकी एक बड़ी वजह खुद एलन मस्क हैं, जो काफी समय से ट्विटर की नीतियों की मुखालफत करते रहे हैं। वह मानते हैं कि ट्विटर बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है और देश-दुनिया को इसकी जरूरत है, लेकिन वह इसे सबके हाथों में पहुंचाना चाहते हैं। समाज और अर्थव्यवस्था के लिहाज से ट्विटर पर हर तरह के संवाद के वह पक्षधर हैं। एलन मस्क ट्विटर पर किसी को प्रतिबंधित करने के भी खिलाफ हैं। वह ट्विटर की नीतियों को संकुचित मानते हैं और कहते रहे हैं कि यह मंच उपलब्धियों के जिस मुकाम को छू सकता है, उससे काफी पीछे है। वह इसकी एक बड़ी वजह ट्विटर द्वारा लोगों पर लगाई जाने वाली पाबंदियों को मानते हैं। वाकई, पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसने अपने मंच से बेदखल कर दिया था। खुद को सुपरपावर कहने वाले अमेरिका के पदासीन राष्ट्रपति को इस तरह से प्रतिबंधित करने का यह मीडिया इतिहास का पहला उदाहरण था। एलन मस्क न सिर्फ ऐसे कृत्यों के विरोधी हैं, बल्कि ह्यफ्री स्पीचह्न यानी अभिव्यक्ति की आजादी के पैरोकार भी हैं। उनका मानना है कि ट्विटर संवाद का मंच बने, न कि लोगों को निर्देशित करने का।

इन सबको देखते हुए ही यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में ट्विटर सही और गलत से परे, सबको अपनी बात कहने का मंच मुहैया कराएगा। मुमकिन है कि इसके बाद संबंधित देशों (जहां उसका उपयोग हो रहा होगा) के कानून इस पर कहीं अधिक मजबूती से आयद होंगे। ट्विटर की नाफरमानी का ही नतीजा था कि नाइजीरिया जैसे देश ने इसे अपने यहां प्रतिबंधित कर दिया था और कुछ महीनों के लिए ह्यकूह्न को अपना लिया था। भारत में भी कू जैसे विकल्प आने के बाद ट्विटर के प्रति लोगों की रुचि कुछ कम होती दिखी है। अगर फेसबुक, वाट्सएप, यू-ट्यूब जैसे मंचों से तुलना करें, तो सबसे कम उपयोगकर्ता ट्विटर के ही हैं, लेकिन इसका प्रभाव बाकी सबसे काफी ज्यादा है।

यही वजह है कि भारत भी इन कंपनियों को देश में रहकर काम करने को कहता रहा है। विवाद के निपटारे के लिए चीफ कम्प्लाइंस ऑफिसर जैसे अधिकारियों की नियुक्ति करने पर वह हमेशा बल देता रहा है। मुमकिन है कि इस तरह की मांगें अब जल्द पूरी हो सकेंगी। एलन मस्क ने कहा है कि रोबोट्स की मदद से चलाए जा रहे ट्विटर के अकाउंट बंद किए जाएंगे। इस तरह के अकाउंट्स सॉफ्टवेयर की सहायता से चलाए जाते हैं, जो किसी हैशटैग को देखकर खुद-ब-खुद उसे री-ट्वीट कर देता है। यह फर्जी अकाउंट से अलग होता है। इसी तरह, छद्म नामों का इस्तेमाल करके भी कुछ लोग अपना मतलब सीधा कर रहे हैं। एलन मस्क का मानना है कि जो व्यक्ति ट्विटर पर आए, वह मनुष्य हो, कोई स्वचालित मशीन नहीं। इसीलिए, यह भी कयास है कि निकट भविष्य में ट्विटर अकाउंट पर हमें केवाईसी (अपने ग्राहकों को जानो) कराने पड़ सकते हैं, जिसमें हम अपने राष्ट्रीय पहचान-पत्रों का इस्तेमाल करेंगे। अगर यह सब होता है, तो निस्संदेह ट्विटर उपयोगकर्ताओं की आपसी गाली-गलौज कम हो सकेगी, क्योंकि कोई नकाब ओढ़कर दूसरे से वाक्युद्ध नहीं कर सकेगा। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि कोई भी सोशल मीडिया मंच अब खुद को सुरक्षित न समझे।

अगर कोई निवेशक किसी कंपनी में रुचि दिखाएगा, तो संभव है कि उसके मालिकान में हमें बदलाव देखने को मिल जाएं। ऐसी कवायदों से कंपनी की नीतियों में किस तरह के परिवर्तन होंगे, यह तो नए मालिक की सोच पर निर्भर करेगा। लेकिन नए फेरबदल के बाद ट्विटर में यदि थोड़ी सफाई हो जाती है, तो यह सुखद होगा। हालांकि, कुछ लोग इसे विरोधाभास भी मान सकते हैं कि एक तरफ तो एलन मस्क अभिव्यक्ति की आजादी के समर्थक हैं, और दूसरी तरफ जांचने-परखने के बाद ही ट्विटर उपयोगकर्ताओं को इस मंच के इस्तेमाल की अनुमति देने के हिमायती। लेकिन व्यापक अर्थों में देखें, तो इससे ट्विटर को भी फायदा होगा और आम उपयोगकर्ता कहीं संजीदगी से इस मंच पर अपने विचार साझा कर सकेंगे।

# लखीमपुर में बीएसए की बड़ी कार्रवाई, 20 छात्राओं को बंधक बनाने वाली दो शिक्षिकाओं की सेवा समाप्त

**लखीमपुर।** बेहजम के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में 20 छात्राओं को बंधक बनाने के मामले में आरोपित दोनों शिक्षिकाओं गोल्डी कटियार और मनोरमा मिश्रा की सेवा समाप्त कर दी00 गई है। दोनों शिक्षिकाएं चार सदस्यीय कमेटी की जांच में दोषी पाई गई हैं। बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पांडेय की संस्तुति के बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने यह कार्रवाई की है। 21 अप्रैल की रात बेहजम के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्थानांतरण होने के बाद शिक्षिकाओं ने 20 छात्राओं को छत पर दरवाजे की कुंडी लगाकर बंधक बना लिया था। छात्राओं के शोरगुल व रोने की आवाज सुनकर विद्यालय की वार्डन ललित कुमारी ने बीएसए को यह सूचना दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और बीएसए ने बच्चियों को मुक्त कराया था। इस मामले में जिला समन्वयक रेनू श्रीवास्तव की तहरीर पर नीमगांव थाने में कई धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बीएसए द्वारा गठित जांच कमेटी ने विद्यालय की बंधक बनाई गई और 20 बच्चियों, रसोइया और स्टाफ का बयान दर्ज किया गया।




इसके बाद दोनों शिक्षिकाओं के भी बयान दर्ज किए गए। शिक्षिकाओं और बच्चियों के बयान में काफी अंतर मिलने पर कमेटी ने यह रिपोर्ट दी कि दोनों शिक्षिकाएं इस पूरे मामले में दोषी हैं। कमेटी की जांच रिपोर्ट बीएसए ने एक दिन पहले ही डीएम को सौंपी थी, जिसमें दोनों शिक्षिकाओं की सेवा समाप्ति की संस्तुति की गई थी। बुधवार को डीएम ने बीएसए की संस्तुति का अनुमोदन करते हुए सेवा समिति का निर्देश दे दिया।

बीएसए ने बताया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय से दो अन्य शिक्षिकाओं आशा रानी पाठक का तबादला ईसानगर कर दिया गया है। इसके अलावा श्रीदेवी को मितौली भेजा गया है। श्रीदेवी अभी बेहजम में ही तैनात रहेंगी और स्कूल के संचालन में सहयोग करेंगी। बेहजम में लखीमपुर व ईसानगर से दो शिक्षिकाओं को भेजा गया है।

# जहांगीरपुरी हिंसा में सामने आया PFI का कनेक्शन

**नई दिल्ली :** उत्तर पूर्वी दिल्ली में दो साल पहले हुए दंगे की तरह ही जहांगीरपुरी में भी च्हसा की साजिश रची गई थी। क्राइम ब्रांच से जुड़े सूत्रों की मानें तो इसके लिए न सिर्फ पीएफआइ ने फंच्डग की है, बल्कि कई दिन पहले से इसकी साजिश रचना भी शुरू कर दिया था। यही नहीं हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पहले ही पीएफआइ के सदस्यों ने जहांगीरपुरी में बैठक कर शोभायात्र को बाधित करने और हिंसा को अंजाम देने की रणनीति तैयार की थी। इस बैठक में अंसार, सोनू चिकना और सलीम सहित करीब 25 लोग शामिल हुए थे। हालांकि, क्राइम ब्रांच के अधिकारी इस बारे में अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**साजिश को अंजाम देने के लिए 15 अप्रैल को हुई थी बैठक**

# नीतीश मिश्रा के मुद्दे पर एनडीए को राजद ने सुनाई खरी-खरी

पटनाः 22 अप्रैल को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद से लालू प्रसाद की रिहाई और पटना आने का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। परिवार और समर्थकों के लिए इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने वाली है।

बताया गया है कि लालू प्रसाद एक-दो दिनों में पटना आ सकते हैं। डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दी है।


# योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट बैठक में नौ प्रस्ताव पास

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की सत्ता पर लगातार दूसरी बार काबिज होने के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार ने विकास कार्य का रोड मैप तैयार कर लिया है। इसको क्रमवार लागू करने के लिए सरकार कैबिनेट बैठक में मुहर भी लगाती है। योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट बैठक लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) में सम्पन्न हो गई। इसमें दस में से नौ प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लोक निर्माण विभाग नाबार्ड की आरआइडीएफ योजना के तहत वित्तपोषित की जाने वाली सड़कों के निर्माण के एस्टीमेट प्रस्तुत करते समय उसमे पांच वर्षों के रखरखाव की लागत को जोड़ने के प्रस्ताव को हरी



झंडी दी गई। इसमें रखरखाव की लागत परियोजनालागत की अधिकतम 10 प्रतिशत होगी। इन मार्गों के वर्षवार रखरखाव की दरें विभागीय उच्च स्तरीय तकनीकी समिति समय-समय पर निर्धारित करेगी जिसे लोक निर्माण विभागाध्यक्ष अनुमोदित करेंगे।इसके साथ ही सहारनपुर में शेखपुरा कदीम मार्ग पर रेल सम्पार पर ओवर ब्रिज बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। यहां पर रेल सम्पार संख्या-84 को बंद करने के लिए सम्पार से 200 मीटर टपरी की तरफ नागल रजवाहे पर दो लेन रेलवे ओवरब्रिज बनेगा। इसके लिए सिंचाई विभाग की 18197.6 वर्ग मीटर जमीन लोक निर्माण विभाग को निश्शुल्क हस्तांतरित की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री के साथ बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बैठक के बाद मीडिया को ब्रीफ किया। खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश दस लाख लीटर इथेनाल का प्रोडक्शन करेगा।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

कोई चाहिए विराट, कोई चाहिए इतना विराट, कि उसके पैरों तक तुम्हारा सिर पहुंचे। उतना भी पहुंच जाए तो बड़ी यात्रा। कोई चाहिए शून्य की भांति, जो मांग न करे, ताकि तुम्हें चुपचाप समर्पण करने की सुविधा मिल जाए। जो कहे ना कि झुको। क्योंकि जब भी कोई कहता है, झुको, तभी तुम्हारा अहंकार बाधा डालने लगता है। वह कहता है, मत झुको। जब कोई कहता है झुको, तो अहंकार में अकड़ जाती है। वह कहता है, क्यों झुकें? क्यों झुकें, यह झुकनेवाला कौन है? मैं क्यों किसी के सामने झुकूं? अहंकार की मजबूती बढ़ती है। प्रतिशोध बढ़ता है। परमात्मा तुमसे नहीं कहता कि झुको। वह महाशून्य है, पह आकाश है। तुम झुक जाओ, तुम्हारी मर्जी। और अहंकार को झुकने में सुविधा होती है, वहां, जहां कोई झुकनेवाला नहीं होता। **जारी...**

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये हेल्दी फूड्स

आंखों की देखभाल के लिए अच्छी डाइट का होना बहुत जरूरी है. बहुत से ऐसे फूड्स हैं जो आपकी आंखों को बेहतर रोशनी प्रदान करने में मदद करते हैं. ऐसे में आप कौन से फूड्स डाइट में शामिल कर सकते हैं आंखों के लिए बहुत फायदेमंद हैं ये फूड्स पूरे दिन कंप्यूटर स्क्रीन और फोन देखने के कारण कई लोगों अपनी आंखो की रोशनी से जूझना पड़ता है. उम्र और जीवनशैली में बदलाव के साथ हममें से कई लोगों को कम उम्र में ही आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.

आंखों की देखभाल के लिए अच्छी डाइट का होना बहुत जरूरी है. ये फूड्स आपकी आंखों को बेहतर रोशनी प्रदान करने में मदद करते हैं. ऐसे में आप कौन से फूड्स डाइट में शामिल कर सकते हैं आइए जानें. पालक का साग आपकी आंखों की रोशनी के लिए सबसे अच्छे से काम करता है. पालक विटामिन और मिरनल से भरपूर होता है. ये एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. ये आपको मैकुलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद से बचाता है और आपके कॉर्निया को स्वस्थ रखता है. सूखे मेवे सूखे मेवे न केवल



स्वाद में अच्छे होते हैं. बल्कि ये आपको बेहतर रोशनी प्रदान करने में भी मदद करते हैं. मेवे विटामिन ई और हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं.संतरे बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन नामक कैरोटीनॉयड का एक बड़ा स्रोत हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. ये आंखों की रोशनी को बढ़ावा देते हैं. संतरा विटामिन ए का एक अच्छा स्रोत है जो आपके रेटिना के लिए फायदेमंद होता है. शकरकंद आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए जाना जाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और सूजन को कम करने में मदद करते हैं.सूरजमुखी के बीज सामान्य रूप से न सिर्फ आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं बल्कि ये आपकी आंखों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं. ये पोषक तत्वों प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं. ये मेटाबॉलिज्म अपशिष्ट को हटाने में मदद करते हैं और आपकी आंखों को बेहतर दृष्टि प्रदान करते हैं. लाल शिमला मिर्च ए, सी और ई जैसे विटामिनों का अच्छा स्रोत है. ये आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है.

# हिंदी भाषा विवाद पर अजय देवगन को छोड़ किच्चा सुदीप के सपोर्ट में आए राम गोपाल वर्मा,

## कहा- नॉर्थ के एक्टर साउथ एक्टर्स से जलते हैं



नई दिल्लीः बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और कन्नड़ फिल्मों के अभिनेता किच्चा सुदीप के बीच बुधवार को ट्विटर पर जुबानी जंग देखने को मिली। दोनों ने हिंदी भाषा को लेकर अपनी राय दी। हालांकि कुछ समय बाद अजय देवगन और किच्चा सुदीप के बीच गलतफहमी दूर हो गई, लेकिन अब इस पूरे मामले पर बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के निमार्ता-निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया दी हैइस पूरे मामले में राम गोपाल वर्मा ने किच्चा सुदीप का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उत्तर भारत के कलाकार दक्षिण भारत के कलाकारों से जलते हैं। यह बात राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए कही है। राम गोपाल वर्मा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए भी जाने जाते हैं। राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर हिंदी भाषा विवाद पर किच्चा सुदीप का सपोर्ट करते हुए लिखा, ह्यकिच्चा सुदीप सर निर्विवाद जमीनी सच्चाई यह है कि उत्तर के सितारे दक्षिण के सितारों से असुरक्षित महसूस करते हैं और जलते हैं क्योंकि एक कन्नड़ डबिंग फिल्म केजीएफ 2 ने 50 करोड़ की ओपनिंग की थी और हम सभी हिंदी फिल्मों के आने वाले ओपनिंग डेज को देखने जा रहे हैं।ह्व सोशल मीडिया पर राम गोपाल वर्मा का यह ट्वीट वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि हाल ही में किच्चा सुदीप एक इवेंट में पहुंचे थे।

# राशिद और तेवतिया ने दिलाई गुजरात को रोमांचक जीत

## आखिरी ओवर में जड़े चार छक्के

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग के 40वें मैच में गुजरात ने राशिद खान की 11 गेंदों में 31 और राहुल तेवतिया की 21 गेंदों पर 40 रनों की करिश्माई पारी की बदौलत हैदराबाद को 5 विकेट से हरा दिया। गुजरात के सामने हैदराबाद ने 196 रनों का लक्ष्य रखा था जो गुजरात ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।




गुजरात की तरफ से आखिरी ओवर में राशिद और तेवतिया ने मार्को यान्सेन की ओवर में चार छक्के लगाए और जरूरी 22 रन बना लिए।राशिद और तेवतिया की पारी के सामने उमरान मलिक की शानदार गेंदबाजी फिकी पड़ गई। उन्होंने आइपीएल में अपना बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट लिए लेकिन गुजरात को जीत से दूर नहीं रख पाए। इस जीत के साथ ही गुजरात प्वाइंट्स टेबल में नंबर वन पर पहुंच गई है और अब उनके खाते में 14 अंक हैं।

गुजरात की तरफ से सर्वाधिक 68 रनों की पारी रिद्धिमान साहा ने खेली। इससे पहले गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टास जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा के 65 और एडेन मार्करम के 56 रनों की पारी की बदौलत 195 रन बनाए।196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए रिद्दिमान साहा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की। गिल को उमरान मलिक ने 22 रन के स्कोर पर बोल्ड किया। दूसरा झटका हार्दिक पांड्या के रूप में लगा उन्हें उमरान ने यान्सेन के हाथों कैच कराया। पांड्या ने 10 रन बनाए। तीसरे विकेट के रूप में साहा को उमरान ने बोल्ड किया। उन्होंने 68 रन की पारी खेली। एक वक्त लगा कि मैच को हैदराबाद आसानी से जीत लेगी लेकिन राशिद और तेवतिया की जोड़ी ने एक बार फिर से करिश्माई पारी खेलते हुए गुजरात को जीत दिला दी।

# पूर्व साथी ने कहा, विराट कोहली को ब्रेक दे दो

## वर्ना टीम से बाहर करना पड़ सकता है



**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ सिर्फ एक खिलाड़ी की तरह खेलने उतरे विराट कोहली को लगातार आलोचना झेलनी पड़ रही है। इस सीजन उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे। दो मैच में लगातार शून्य पर आउट होने के बाद मंगलवार को राजस्थान के खिलाफ ओपनिंग करने उतरे विराट महज 9 रन बना पाए।विराट कोहली के साथ खेल चुके आरपी सिंह ने कहा कि इस वक्त कोहली अपनी लय में बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहे। ह्यइसमें तो कोई शक ही नहीं है कि उन्होंने काफी बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया है। लेकिन इस वक्त आपको इस बात को मानना होगा कि वह फार्म में बिल्कुल भी नहीं हैं।

हमने इससे पहले कभी भी विराट कोहली के बल्ले से गेंद के इतने सारे किनारे निकलते कभी नहीं देखा। वह हमेशा ही गेंदबाजों पर हावी होकर खेलने के लिए जाने जाते हैं। इस वक्त तो वह अपनी उस लय में एकदम से भी नजर नहीं आ रहे। टीम मैनेजमेंट इस बात की कोशिश कर रही है और वह भी काफी प्रयास कर रहे हैं।

# बेन स्टोक्स होंगे इंग्लैंड के नए कप्तान तो गैरी कर्सटन संभालेंगे कोच की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड टीम को उसका नया टेस्ट कप्तान मिल गया है। इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स इंग्लैंड टीम के नए टेस्ट कप्तान होंगे। जब से जो रूट ने टीम की कप्तानी छोड़ी थी तब से इंग्लैंड क्रिकेट के लिए सबसे बड़ा सवाल था कि अगला कप्तान कौन होगा? इसके लिए बेन स्टोक्स का नाम सबसे आगे और योग्य बताया जा रहा था और अब एक अंग्रेजी वेबसाइट्स की मानें तो बेन स्टोक्स हीं इंग्लैंड के नए टेस्ट कप्तान होंगे। स्टोक्स की नियुक्ति को ईसीबी के नए प्रबंध निदेशक राब की ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। उनके कप्तान बनने के अलावा गैरी कर्सटन को टीम का नया कोच बनाया गया है। उन्होंने अपनी तरफ से इसके लिए सहमति भी दे दी है।कप्तान के तौर पर स्टोक्स के पहले निर्णय को लेकर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि वे स्टुअर्ट ब्रोड और जेम्स एंडरसन की जोड़ी को वापस टीम में लाना चाहते हैं। हालिया वेस्टइंडीज दौरे पर दोनों टीम का हिस्सा नहीं थे .



# शाहिद अफरीदी ने बताया क्यों हो रही है पाकिस्तान क्रिकेट की खराब हालत

## सुधार के लिए इस बात की मांग की


**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पूरी तरह से स्वतंत्र निकाय बनाने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि इसके मामलों में सरकार की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाए। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट की खराब हालत के पीछे पीसीबी में लगातार होते बदलाव को बताया। अफरीदी ने एक समारोह के दौरान कहा ह्यमुझे लगता है कि पीसीबी को सरकार से स्वतंत्र होना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष



और सीईओ की नियुक्ति सरकार द्वारा प्रबंधित नहीं की जानी चाहिए। पीसीबी को पूरी तरह से स्वतंत्र होने की जरूरत है और इसमें सरकारी अधिकारियों के हस्तक्षेप के बिना अपनी आंतरिक चुनाव प्रणाली होनी चाहिए उनकी ये टिप्पणी तब आई जब सरकार बदलने के बाद वर्तमान में पीसीबी के चेयरमैन रमीज राजा के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि इस पद पर अगला वो बैठेगा जो नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पसंद के होंगे।

# हनुमान चालीसा विवादः भाजपा नेता किरीट सोमैया का दावा

## पुलिस ने उनके नाम से झूठी प्राथमिकी दर्ज करने की बात स्वीकारी



**मुंबईः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के नेता किरीट सोमैया, जिन पर पिछले शनिवार को मुंबई में कथित तौर पर शिवसैनिकों द्वारा हमला किया गया था, ने मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में उनके खिलाफ एक फर्जी प्राथमिकी दर्ज की गई थी।महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा विवाद के बीच, भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया, जिन पर पिछले शनिवार को मुंबई में कथित तौर पर शिवसैनिकों द्वारा हमला किया गया था, ने बुधवार को दावा किया कि खार पुलिस स्टेशन ने स्वीकार किया है कि घटना के संबंध में उनके नाम पर एक झूठी प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

आज दोपहर 12.30 बजे वे प्रवीण दारेकर, मंगल प्रभात लोढ़ा, गोपाल शेट्टी, विधायक सुनील राणे और मैं महाराष्ट्र के राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। सोमैया ने सोमवार को आरोप लगाया था कि बांद्रा पुलिस स्टेशन ने उनके नाम से झूठी प्राथमिकी दर्ज की है। सोमैया ने ट्वीट किया था कि मुंबई पुलिस ने 23 अप्रैल के हमले के बारे में मेरी एक फर्जी प्राथमिकी प्रसारित की।

जबकि मैंने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। बांद्रा पुलिस स्टेशन ने 23 अप्रैल को मेरी प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया। मैं कल दोपहर 12 बजे खार पुलिस स्टेशन में फर्जी एफआईआर की इस आपराधिक साजिश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराऊंगा।

इसके बाद मंगलवार को उन्होंने कथित फर्जी प्राथमिकी के खिलाफ खार थाने में शिकायत दर्ज कराई। खार पुलिस स्टेशन ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मेरी शिकायत दर्ज की, जिन्होंने खार घटना के मेरे नाम पर एक फर्जी प्राथमिकी दर्ज की थी। मुझे मारने की कोशिश करने वाले शिवसेना गुंडों को बचाने के लिए यह एक आपराधिक साजिश है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF
VACANCY VACANCY
ICON OPTICAL GALLERY
Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.
Note : Must Have Computer Operating Knowledge
Contact Us : 9819292152
Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053
murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub
Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof
Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment
Farida Rampurawala : 8898065152
RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व), मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेलः newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net